## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में अवैध रूप से पैसे लेने की शिकायत

**कटनी।** मिलन ब्लड डोनर सोसायटी द्वारा सिविल सर्जन को शिकायती पत्र सौंपकर जिला अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों से पैसे लेने की शिकायत की गई है। पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया है कि राधा यादव (उषा बाई) द्वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीज श्रीमती सुलोचना अहिरवार के अटेंडर/पति राकेश अहिरवार से अवैध रूप से रू. 2000 रूपए लिए गए। रात्रि में ब्लड बैंक स्टाफ से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मरीज की स्थिति अत्यंत गंभीर थी, लगातार ब्लीडिंग हो रही थी तथा ऑपरेशन प्रस्तावित था। रात्रि के समय आवाज देकर मरीज के पति से रू. 2000 की मांग की गई, जिसे उन्होंने दे दिया। पश्चात संस्था की ओर से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए मरीज के पति एवं संबंधित कर्मचारी श्रीमती राधा यादव से बातचीत की गई, जिसके बाद मरीज को पूरी राशि रू. 2000 वापस करवाई गई। संबंधित कर्मचारी श्रीमती राधा यादव के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया जाए, ताकि कर्मचारियों में भय एवं अनुशासन बना रहे।

### दुकान के दराज से 10 हजार रूपये किये पार

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत नदीपार क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति ने दुकान में घुसकर दराज में रखे हजारों रुपये पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार संजय कुमार झामनानी निवासी गुरुनानक वार्ड ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि वे अपनी दुकान पर मौजूद नहीं थे, इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने दुकान के भीतर प्रवेश किया। आरोपी ने दराज की तलाशी ली और उसमें रखे 10,000 रुपये नगद चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके।

### ऑटो से नीचे गिरे युवक की थम गई सांसें

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिनगौडी के पास हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक ऑटो से नीचे गिर गया था जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसने दम तोड़ दिया। हादसा 6 फरवरी की शाम लगभग 5:45 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार ग्राम बकेली निवासी नीरज कोल 21 वर्ष अपने साथी हल्के कोल 18 वर्ष के साथ ऑटो से जा रहा था। सिनगौडी ग्राम से करीब दो किलोमीटर आगे बकेली रोड पर स्थित खेतों के पास एक मोड़ पर नीरज अचानक ऑटो से नीचे गिर गया। सिर के बल जमीन पर गिरने के कारण उसे घातक चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर विजयराघवगढ़ पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### अज्ञात व्यक्तियों ने दो युवकों पर किया हमला

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते पांच अज्ञात हमलावरों ने एक राय होकर दो युवकों के साथ गाली-गलौज की और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना शुक्रवार रात को हुई। जानकारी के अनुसार पीड़ित सोनू चौधरी 20 वर्ष निवासी झुकेही अपने साथी माधव पाण्डेय के साथ ट्रांसपोर्ट नगर के पास मौजूद था। तभी पांच अज्ञात युवक वहां पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमलावरों ने जान से मारने की नियत से उन पर हमला कर दिया। हमलावरों में से एक युवक ने लोहे की रॉड से सोनू के सिर और बाएं कंधे पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। गिरने के बाद भी पांचों आरोपी उसे लात-घूंसों से पीटते रहे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हमले में सोनू चौधरी के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि माधव पाण्डेय को भी चोटें पहुंची हैं। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## 10 फ़रवरी से शुरू हो रही है माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षायें

# डीजे कर रहा डिस्टर्ब : इम्तिहान का समय, दिन-रात बज रहे डीजे, एकाग्रता हो रही भंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षायें आगामी 10 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। इम्तिहान का समय नजदीक होने से विद्यार्थी जी जान से अध्ययन में जुटे हैं लेकिन वैवाहिक सीजन शुरू हो जाने से बैंड बाजों एवं डीजे की धमक एकाग्रता भंग कर रही है। माशिमं की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा 10 फ़रवरी शुरू हो रही हैं। वहीं 5 वी ओर 8वीं की बोर्ड परीक्षा 20 फ़रवरी से शुरू होंगी। ऐसे में कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12 वीं के विद्यार्थीयो के अलावा 5 वी व 8 वी कक्षाओ के विद्यार्थी विभिन्न विषयों में अपनी दक्षता को परिपक्व करने के लिए पढ़ाई में दिन रात एक कर रहे हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन में कमजोर रह गए विषयों की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन शादी विवाह सहित मांगलिक कार्यक्रमों का दौर शुरू हो जाने पर डीजे सहित कई प्रकार के साउंड सिस्टम उनकी पढ़ाई में व्यवधान डाल रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रशासन निर्धारित ध्वनि पर डीजे सिस्टम चलाने की अनुमति तो दे देता है,लेकिन उस अनुमति के पीछे अधिक ध्वनि पर शोरगुल किया जा रहा है।साथ ही बहुत से कार्यक्रमों में बिना अनुमति के भी धड़ल्ले से डीजे सिस्टम चलता है। किन अक्सर परीक्षा शुरू होने के एक दो दिन पहले संबंधित प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करता है। हालांकि, प्रतिबंधात्मक आदेशों की जरूरत अब सबसे अधिक है, जब परीक्षा के लिए बेहद कम समय बचा है।

विशेषज्ञों की मानें तो कमजोर माने जाने वाले विषयों की इन दिनों पढ़ाई बेहद महत्वपूर्ण होती है। इस समय विद्यार्थी अभ्यास करते समय कमजोर रह गए विषयों को काफी एकाग्रता से पढ़ता है, लेकिन इन दिनों शादी विवाह व मांगलिक कार्यक्रमों की भरमार बहोरीबंद व स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मैं देखने को मिल रही है जिस कारण दिन-रात डीजे बज रहे है। लाउडस्पीकरों की तीव्रता पर रोक नहीं होने से एकाग्रता भंग हो रही है।

यह समय बेहद महत्वपूर्ण

बहोरीबंद विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग ने बताया कि परीक्षा के दृष्टिकोण से ये समय बेहद महत्वपूर्ण हैं। इन दिनों में विद्यार्थी अपने विषयों को और मजबूत कर सकता है। परीक्षा के दौरान सिर्फ उसे आगामी विषय पर ध्यान देना होगा, लेकिन परीक्षा के दो दिन पहले तक विद्यार्थी दूसरे विषयों के महत्वपूर्ण प्रश्नों की तैयारी कर सकता है। यह तैयारी उसे परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से बचाती है। पूरे साल भर की पढ़ाई का सार इन एक सप्ताह के समय में पढ़ा जा सकता है। इन दिनों घर एवं आसपास ऐसा माहौल होना चाहिए, जिससे विद्यार्थी मानसिक तनाव से बचें।वही विद्यार्थियों के द्वारा भी यह कहा जा रहा है कि डीजे -साउंड सिस्टम बजे इसके लिए रात्रि का समय निर्धारित हो व कम ध्वनि पर बजे जिससे अद्ययन कार्य प्रभावित न हो।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विकासखंड क्षेत्र में डीजे, साउंड सिस्टम को अधिक तेज ध्वनि पर न बजे इसके लिए निरीक्षण किया जाएगा। जहां कही भी ध्वनि विस्तारक अधिनियम की अवहेलना मिलेगी वहां सख्त कार्यवाही की जाएगी।



# सिहोरा को हराकर जबलपुर ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

### विजेता एवं उपविजेता टीम का किया गया पुरस्कृत

समीपी ग्राम परसेल नेगवां के बड़ी माई खेल मैदान में लैदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच जबलपुर और सिहोरा के बीच खेला गया। सिहोरा को हराकर जबलपुर की टीम विजेता बनी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन,विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक दिलीप दुबे, पिछड़ा मोर्चा,प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप, किसान संघ जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पटेल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।

सिहोरा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 98 रनों के स्कोर खड़ा किया। जबकि लक्ष्य का पीछा करने उतरी जबलपुर की टीम ने 12वें ओवर में ही इस ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।

इस मौके पर जयकुमार तिवारी, पूरन राय,महेन्द्र कोरी,वीरू तिवारी, सरपंच सुशील पाल,संदीप राय, बाला पटेल, संतराम राय, विपिन पटेल,अंकित पटेल,हुसैन भाईजान, अब्दुल रब,अंकित दुबे सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शकों की उपस्थिति रही।

**मुख्य मार्गों सहित बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण टीम द्वारा की गई कार्यवाही**

# अस्थाई अतिक्रमण करने वाले दर्जन भर लोगों पर ठोंका गया 3600 रूपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुचारू बनाने के साथ ही शहर को व्यवस्थित सुन्दर स्वरुप प्रदान करने की दृष्टि से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार निगम की अतिक्रमण शाखा की गठित टीमों द्वारा प्रतिदिन नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों तथा बाजार क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को भी प्रातः अतिक्रमण टीम की तत्परता से नगर के मुख्य मार्गों मिशन चैक से सुभाष चैक तक कार्यवाही की जाकर सार्वजनिक मार्गों के किनारे आवागमन बाधित कर अनधिकृत रूप से व्यवसाय करने वाले सब्जी विक्रेताओं को हॉकर्स जोन भेजा गया। वही फल ठेला संचालकों को भी मार्ग से अलग एवं व्यवस्थित कर आवागमन को सुगम बनाने हेतु कार्यवाही की गई।

वहीं शाम के समय नगर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों गोल बाजार, झंडा बाजार, सिल्वर टाकीज रोड, रूई बाजार, गर्ग चैराहा, मुख्य स्टेशन मार्ग, स्टेट बैंक तिराहा, बरही रोड़, माधवनगर, सहित नगर के अन्य स्थलों में अभियान चलाकर दुकानदारों द्वारा निर्धारित हद से बाहर सार्वजनिक मार्गो में रखी सामग्री को अलग कराकर तथा नहीं मानने पर जब्ती की कार्यवाही करते हुए आवागमन सुगम बनानें के प्रयास किये गए। कार्यवाही के दौरान बैंकों के बाहर अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को व्यवस्थित कराते हुए सार्वजनिक मार्गो तथा नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर भी कार्यवही की गई।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि मिशन चैक से सुभाष चैक एवं स्टेशन रोड पहुंच मार्ग में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान सार्वजनिक मार्ग में दुकान सामग्री रखकर व्यवसाय करते पाए जाने पर 12 लोगों पर 3 हजार 600 रुपये का जुर्माना किया जाकर दोबारा सार्वजनिक मार्गो में सामग्री रखकर व्यवसाय नहीं करने की हिदायत भी दी गई। मानेन्द्र सिंह ने कहा कि नागरिकों की सुगम आवागमन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य मार्गो में इस तरह का अभियान निरंतर चलाया जायेगा।

## सीमेंट लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक गंभीर



रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़गांव में सीमेंट की बोरियों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक MP 13 H 2229 मैहर से दमोह की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक बड़गांव के समीप पहुँचा, उसके आगे चल रहे एक अन्य ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। सामने वाले वाहन के अचानक रुकने के कारण सीमेंट से लदे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की मदद से घायल चालक को ट्रक से बाहर निकाला गया और तत्काल रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही रीठी थाना पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने बाधित यातायात को सुचारू कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बस स्टैण्ड में दो दुकानों में लगी भीषण आग से लाखों की क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शनिवार को सुबह बस स्टैंड में एक पान मसाले की दुकान में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग लगने की घटना सुबह करीब 5:40 बजे की बताई गई है। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी। एक पान मसाले की दुकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को दी गई।

फायर टीम जब तक मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी और दो दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। दमकल कर्मियों ने ड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार आग दीपक श्रीवास्तव की पान मसाले की दुकान में लगी जो देखते ही देखते पास की चाय-नाश्ते की दुकान तक फैल गई। चाय-नाश्ते की दुकान में रखे फ्रिज, हीटर सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामान भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गए। आग लगने से लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई गई है।

घटना के समय दुकानें बंद होने से कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों की जांच जारी है। पुलिस और फायर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

**सीएम के नाम किसानों ने सौंपा ज्ञापन, समाधान नहीं होने पर करेंगे आंदोलन**

# स्लॉट बुकिंग के बाद भी नहीं तुल पाई धान, बारदाना नहीं है कहकर केंद्र प्रभारी ने टाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्लॉट बुकिंग होने के बावजूद 24 किसानों की लगभग 25 सौ कुंटल धान तौल नहीं की गई। हफ्तों से अपनी उपज की रखवाली कर रहे किसान अब न्याय की गुहार लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र पटेल को ज्ञापन सौपा।

पीड़ित किसान रामकृष्ण बर्मन, कालू कोल और सुकरात पाल सहित अन्य किसानों ने बताया कि उन्होंने नियम अनुसार समय पर स्लॉट बुकिंग कराई थी। जब वे अपनी उपज लेकर बिलहरी धान उपार्जन केंद्र जो श्री कृष्णा वेयरहाउस से जुडा हुआ है वहां पहुंचे तो केंद्र प्रभारी द्वारा बारदाना उपलब्ध न होने का हवाला देकर तौलाई रोक दी गई। किसानों का आरोप है कि केंद्र प्रभारी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि स्लॉट की तारीख दोबारा बढ़ाई जाएगी, लेकिन आज तक न तो समस्या का निराकरण हुआ और न ही उनकी धान खरीदी गई।

### 31 दिसंबर से भटक रहे

किसानों द्वारा सौंपे गए शिकायत पत्र के अनुसार वे 31 दिसंबर 2025 से लगातार केंद्र के चक्कर काट रहे हैं। स्लॉट की अवधि खत्म हो चुकी है और अब पोर्टल पर उनकी एंट्री नहीं हो पा रही है। किसानों का कहना है कि वे खुले आसमान के नीचे अपनी धान की सुरक्षा करने को मजबूर हैं।घर की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है क्योंकि उपज नहीं बिकी है।किसान नेता मुकेश यादव ने बताया कि अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं कि कलेक्टर महोदय द्वारा तारीख बढ़ाई जाएगी। किसानों का आरोप है कि बिचौलियों और व्यापारियों की धान खरीदी में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आई जो मूलतः किसान है वो दर-दर भटकने के लिए मजबूर है।

किसानों ने बताया कि हम गरीब किसान पिछले कई दिनों से परेशान हैं। हमारी स्लॉट बुकिंग की तारीख निकल चुकी है और केंद्र प्रभारी अब हाथ खड़े कर रहे हैं। अगर हमारी धान नहीं तुली तो हम भारी कर्ज में डूब जाएंगे।शुक्रवार को आक्रोशित किसानों ने कलेक्टर के नाम एक लिखित शिकायत सौंपते हुए मांग की है कि विशेष पोर्टल खोलकर या स्लॉट की तारीख बढ़ाकर उनकी धान की तुलाई सुनिश्चित की जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## टमाटर की खेती से कमा रहे 5 लाख रुपये सालाना

# किसान नवाचारों से पेश कर रहे आत्मनिर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। किसान कृषि के क्षेत्र में नवाचार कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहे है। कटनी ज़िले के बहोरीबंद के ग्राम अमगवा इंद्रा कॉलोनी डिहुटा निवासी प्रगतिशील कृषक श्री कपूरा चौधरी ने नवाचार और आधुनिक कृषि तकनीक को अपनाकर सफलता की नई मिसाल कायम की है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाय। साथ ही जिले मे टमाटर फसलोच्छादन क्षेत्र में बढ़ोत्तरी की जाय। टमाटर उत्पादन के नजरिये से जिले की अनुकूल परिस्थितियों के मद्देनजर यहां के टमाटर का स्वाद और गुणवत्ता बेहतर होता है। जिससे जबलपुर, शहडोल सहित आस-पास के जिलों की कृषि उपज मंडियों में इसकी खासी मांग बनी रहती है। अन्य जगहों के टमाटरों की तुलना मे कटनी का टमाटर ज्यादा दिनों तक चलता है। इसलिए कटनी के टमाटर के जायके के दीवानों की संख्या जितनी कटनी में है, उससे कहीं अधिक संख्या अन्य जिलों में है।

ऐसे ही जिले के प्रगतिशील किसान श्री कपूरा चौधरी के पुत्र श्री सोनू चौधरी जो खुद टमाटर सहित अन्य सब्जियों गोभी,मूली,मटर और गर्मियों के मौसम में खीरा आदि की खेती में पिता के साथ हाथ बंटाते हैं, उन्होंने बताया कि तीन एकड़ में ड्रिप मल्चिंग तकनीक से टमाटर की खेती शुरू की है और अब हर सीजन में 5 से 6 लाख रुपए की आमदनी हो जाती है।वे बताते हैं कि टमाटर के बाजार भाव के मुताबिक सीजन में आय में बढ़ोतरी और कमी होती रहती है। वे बताते हैं कि पारंपरिक गेहूं और धान की खेती की तुलना में कम लागत में सब्जियों की खेती से अधिक आमदनी हो जाती है।

किसान सोनू चौधरी ने बताया कि ड्रिप मल्चिंग की लागत हर साल करीब एक लाख रुपए का खर्चा आता है। इसके अलावा टमाटर की खेती में प्रति एकड़ 25 से 30 हजार रुपए की लागत आती है।

हार्टीकल्चर एरिया प्रोडेक्शन इन्फारमेशन सिस्टम के आंकड़ों के अनुसार कटनी जिले में टमाटर का रकवा 3 हजार 110 हैक्टेयर तथा उत्पादन लगभग 500 से 600 मैट्रिक टन अनुमानित है।

उद्यानिकी विभाग की टीम ने भी खेत पर पहुँचकर इस नवाचार का अवलोकन किया और किसान द्वारा अपनाई गई तकनीकों की सराहना की। श्री कपूरा चौधरी की यह पहल क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो यह संदेश देती है कि नवाचार, तकनीक और मेहनत के साथ कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाया जा सकता है।किसान श्री चौधरी एक नवाचारी किसान हैं।

# अवैध रेत परिवहन पर दो डंपर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिला टास्कर फोर्स की बैठक में दिये गये निर्देश के पालन में पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुये गुरुवार की रात तहसील बड़वारा के अंतर्गत मझगवां क्षेत्र में दबिश देकर रेत का अवैध परिवहन कर रहे दो डंपरों को जब्त किया।

उपसंचालक खनिज रत्ने।श दीक्षित ने बताया कि खनिज विभाग की टीम ने सघन चेकिंग के दौरान बरही तिराहा के पास एक बिना नंबर वाले डंपर को रोका। जांच करने पर वाहन के पास खनिज परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं मिले। वहीं, दूसरी कार्यवाही मझगवां बायपास के समीप की गई, जहाँ एक डंपर ईटीपीमें दर्ज मात्रा से कहीं अधिक रेत ले जाते हुए पाया गया।इसके बाद दोनों मामलों में अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर वाहनों को कुठला पुलिस थाने में सुरक्षित खड़ा करा दिया है।

उपसंचालक श्री दीक्षित ने जानकारी दी कि वर्तमान में कटनी जिले में केवल तीन स्थानों पर पूर्व भंडारित रेत के उठाव की अनुमति है। जिले में रेत की मुख्य आपूर्ति पड़ोसी जिले उमरिया की खदानों से की जा रही है।आगामी दिनों में भी



जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी रखते हुये खनिजों के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध इसी तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### हरदीकुटी आश्रम में श्रीराम यज्ञ 14 फरवरी से

**उमरियापान।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर उमरियापान के समीपस्थ हरदीकुटी आश्रम में अगामी 14 फरवरी से 24 फरवरी तक ब्रम्हचारी संतश्री कौशिल्या दास जी महाराज के सानिध्य में दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। आयोजन समिति के रामकृष्ण दीक्षित ने बताया कि पंडित ज्ञानजी महाराज बडीपोंडी के दिशा मार्गदर्शन में विधि-विधान से महायज्ञ होगा। कार्यक्रम की श्रृंखला में 14 फरवरी को कलशयात्रा, 15 फरवरी को अग्नि प्राकट्य, 22 को पूर्णाहुति, 23 फरवरी को कन्या भोज, विशाल भंडारा एवं 24 फरवरी को जल विहार के साथ यज्ञ का समापन होगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

### हिंदू सम्मेलन आज

**सिलौंडी।** सिलौंडी में आज विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें सभी समाज की एकता,विरासत के संरक्षण और सामुदायिक विकास की दिशा में कदम बढ़ाएं पर चर्चा होगी। संत गोविंद सरकार महाराज और संत दामोदर दास महाराज का पावन सानिध्य के साथ सभी समाज के प्रमुख लोगों मातृशक्ति के साथ समस्त सामाजिक कार्यकर्ता युवाओं की उपस्थिति रहेगी।

### नेशनल लोक अदालत के आयोजन हेतु हुई बैठक

**फरवरी।** आगामी 14 मार्च को जिला न्यायालय कटनी एवं समस्त तहसील न्यायालयों में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु शुक्रवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के सभा कक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव सुमित शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्री-लिटिगेशन समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया जायेगा। बैठक में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहें। जिनसे वन टू वन चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। साथ ही नगर पालिका निगम के संपत्ति कर, जलकर एवं समस्त बैंकों एवं बीएसएनएल के समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों में सूचना पत्र जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे अधिक से अधिक संख्या में आपसी समझौता से नेशनल लोक अदालत में लंबित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कराया जा सके। जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने आमजनों से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर, अपने प्रकरण का आपसी समझौता से निराकरण कराकर लोक अदालत का लाभ उठाए।

### ग्रामवासियों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**कटनी।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खंड कटनी द्वारा जिले में 'जल अर्पण दिवस' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल जल की महत्ता बताई गई, बल्कि ग्राम को 'हर घर जल प्रमाणित' घोषित कर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के महत्व के बारे में बताया गया। जल अर्पण कार्यक्रम के तहत गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए गतिविधियों की एक लंबी श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें स्कूली बच्चों की रैली, लोकगीतों, भजनों, जल वंदना एवं जलफेरी के माध्यम से पानी के महत्व को सांस्कृतिक रूप से समझाया गया। ग्रामीणों ने भविष्य के लिए 'जल संकल्प' लेते हुए पानी बचाने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को पेयजल की शुद्धता के बारे में तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे शुद्ध पानी के उपयोग से बीमारियों से बचा जा सकता है और जल स्रोतों का रखरखाव कैसे किया जाए। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, पंच प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस लाइन झिंझरी में होगा आयोजन, सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश

# तैयारियां जोरों पर : कटनी में अग्निवीर भर्ती रैली 13 फरवरी से शुरू, 15 जिलों के युवा होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





भारतीय सेना में शामिल होने का सपना देख रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका स्थानीय स्तर पर मिला है। सेना भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर द्वारा कटनी जिले के झिंझरी पुलिस लाईन मैदान में 13 फरवरी से सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसके सुव्यवस्थित आयोजन के मद्देनजर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को पुख्तास व्यतवस्थाम करने के निर्देश दिए हैं।

#### इन जिलों के युवा आयेंगे

पुलिस लाइन झिंझरी में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में कटनी सहित 15 जिलों के युवा चयन हेतु यहां आयेंगे। इस भर्ती रैली में जबलपुर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, मऊगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले के युवा शामिल होने आयेंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बड़ी संख्या में युवाओं के यहां आने के नजरिए से सभी प्रकार की व्यवस्थाओं, यातायात प्रबंधन, पेयजल की समुचित व पर्याप्त उपलब्धता, शौचालय व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्ट्र श्री तिवारी ने चलित शौचालय, पेयजल हेतु टैंकर और पर्याप्तक संख्यां में सफाई कर्मियों की व्यवस्यारक हेतु नगर निगम को निर्देशित किया। वहीं झिंझरी पुलिस लाइन के बैरिकेटिंग का दायित्वा पीडब्यूडी को, सीसीटीव्ही कैमरे और कम्प्यूटर व प्रिंटर की व्यवस्था का कार्य जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस सौरव नामदेव को सौंपा है। साथ ही स्थईल में फायर ब्रिगेड वाहन और मेडिकल एंबुलेंस मेडिकल स्टाफ के साथ तैनात करने के निर्देश दिये हैं।

डायरेक्टर रिक्रूटमेंट रितिक खंजोड़े ने अग्निवीर रैली भर्ती के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि रैली में महिला एवं पुरूषों का फिजिकल टेस्टा किया जाएगा और अलग- अलग जिलों के प्रतिदिन 700 से 800 आवेदक आयेंगे।

#### दस्तावेजों की जांच के लिए विशेष दल

भर्ती के दौरान रैली में शामिल होने वाले युवाओं के प्रवेश पत्र, आधार कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के ऑनलाइन सत्यापन के लिए कलेक्टरर श्री तिवारी के निर्देश पर13 फरवरी से 28 फरवरी तक तीन स्तरों पर शासकीय सेवकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें प्रवेश पत्र परीक्षण व प्रिंट सुविधा हेतु रात्रि 12:00 बजे से कार्य समाप्ति तक, आधार कार्ड परीक्षण व प्रिंट सुविधा हेतु प्रातः6 बजे से कार्य समाप्ति तक औरदस्तावेज परीक्षणः हेतु प्रातः 6 बजे से शासकीय कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

#### इन पदों पर होगा चयन

इस भर्ती रैली के माध्यम से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क और ट्रेड्समैन पदों के लिए चयन किया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड, नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, सभी आवश्यक दस्तावेज और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा।

## रेत के अवैध परिवहन पर ट्रेक्टर ट्राली किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



बरही पुलिस द्वारा देहात भ्रमण के दौरान गुरुकुल स्कूल के सामने उबरा रोड के पास में अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर–ट्रॉली को पकड़ा। ट्रैक्टर चालक ने अपना नाम राजभान कोल 25 साल निवासी खन्ना का होना बताया। ट्रैक्टर–ट्रॉली में लोड रेत के संबंध में वैध दस्तावेज पूछने करने पर कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं पाए जाने पर ट्रैक्टर–ट्रॉली जप्त की गई तथा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए वाहन को सुरक्षार्थ थाना परिसर में खड़ा किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे, सहायक उप निरीक्षक रामसखा वर्मा, आर विवेक श्रीवास्तव,आरक्षक विवेक यादव की विशेष भूमिका रही।

## छपरा टीम ने स्लीमनाबाद को 71 रनो से हराया

**स्लीमनाबाद।** खेल स्टेडियम में स्लीमनाबाद प्रीमियर लीग का आगाज शनिवार से हो गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन, चंद्रशेखर अग्रहरी, रवि दुबे, सुनील गुप्ता, लखन दुबे उपस्थित रहे!स्लीमनाबाद प्रीमियर लीग का पहला मैच छपरा यंग इलेवन ओर स्लीमनाबाद लवी इलेवन के मध्य खेला गया। छपरा टीम ने टास जीतकर निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्लीमनाबाद लवी इलेवन की पूरी टीम 58 रनो पर सिमट गईं। छपरा टीम 71 रनो से मैच जीत लिया। आयोजक समिति ने बताया कि टूर्नामेंट मै 16 टीमों ने भाग लिया है। पहले लीग मैच होंगे।



### एनएसएस का सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

## जर्मनी से आये अतिथि की सहभागिता ने शिविर को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बिजौरी स्थित मानव जीवन विकास समिति के प्रांगण में किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन सत्र शनिवार को संपन्न हुआ, जिसके साथ ही शिविर की औपचारिक शुरुआत हुई। यह शिविर 12 फरवरी तक संचालित होगा।

उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आर. पी. मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना का विकास होता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस प्रमुख डॉ. माधुरी गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों को अनुशासन, टीमवर्क एवं सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हैं।

कार्यक्रम में पर्यावरणविद एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों को समाज की जमीनी समस्याओं को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं से राष्ट्र एवं समाज सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जर्मनी से आए अतिथि केविन की भी गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनकी सहभागिता ने शिविर को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान किया।

उद्घाटन सत्र में एनएसएस संयोजक डॉ. रुक्मिणी प्रताप सिंह, डॉ. सुनील त्रिपाठी, डॉ. अतुल कुमार, संगीता बसारानी, डॉ. विजय कुमार तथा एनएसएस की ओर से कनक सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक जागरूकता एवं सेवा से संबंधित विविध गतिविधियों में सहभागिता कराई जाएगी।

## तिलक कॉलेज में विद्यार्थियों को जैविक खेती का दिया प्रशिक्षण



प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में विद्यार्थियों को जैविक कृषि का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को श्री अन्नमोटे अनाज के अंतर्गत ज्वार, बाजरा, मक्का तथा लघु धान्य फसल के अंतर्गत कोदो, कुटकी, रागी, कंगनी आदि की जानकारी दी गई। बताया गया कि कम पानी तथा कम खर्चे पर यह फसल उगाई जा सकती है। पानी की कमी होने पर ये फसलें खराब नहीं होती तथा ज्यादा बारिश होने पर भी इसे नुकसान नहीं होता। मोटे अनाज की फसल खराब होने की स्थिति में पशुओं के चारे के काम में आती है। इसलिए इनको धान की पराली की तरह जलाना नहीं पड़ता और पर्यावरण प्रदूषण से भी बचा जा सकता है। इनमें कीटों से लड़ने की रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है। मोटे अनाज में खाद एवं कीटनाशकों का प्रयोग कम होता है। मोटे अनाज में पोषक तत्व अधिक मात्रा में होते हैं। मोटे अनाज का उपयोग शुगर, थायराइड, किडनी, लीवर, लिपिड रोग आदि में लाभदायक है।

## कलश शोभायात्रा के साथ सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद समीपस्थ ग्राम पंचायत सलैया प्यासी मैं विश्व कल्याण की कामना को लेकर सप्ताह ज्ञान यज्ञ शनिवार को प्रारंभ हो गया।भव्य कलश शोभायात्रा निकली जो पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल पहुँची। शोभायात्रा मैं कन्याएं व महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर रामनाम की धुन शोभायात्रा मैं गूंज रही थी।वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि विधान से सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ।

#### ईश्वर के चरणों मे जुड़े रहो वही सच्चा आधार

सप्ताह ज्ञान यज्ञ में श्रीमद भागवत कथा का भी आयोजन शुरू हुआ।कथा का वाचन पंडित दिलीप पौराणिक के मुखार विंद से किया जा रहा है।प्रथम दिवस कथावाचक ने उपस्थित जनमानस को बताया कि भक्त निरंतर भक्ति करते हुए भगवान के भरोसे हो जाए तो संकट में भगवान ही उसकी रक्षा करते हैं। हमेशा भगवान के चरणों से जुडक़र रहो, संकट के समय यह पक्का आधार अवश्य काम आएगा। जिस तरह भक्तिमयी मीरा ठाकुरजी को आधार मानकर विष का प्याला पी गई थी तो भक्ति के आधार ने ही उसकी रक्षा की थी। जिस दिन प्रभू से मिलना होगा, उस दिन सहज मुक्ति मिल जाएगी। सांसारिक जीवन में एक ओर दुःख-संताप का सागर दिखाई देता हैं तो दूसरी ओर अधिक धन-सम्पत्ति पाने की लालसा। जो संत के संताप अपनी ओर खींचे, वह सच्चा गुरू है। जो धर्म की राह पर धन-संपत्ति अपनी ओर खीचें, वह अधर्मी मात्र है।इस दौरान बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## धरा गया शातिर चोर, जंगल के पास से बरामद की मोटरसाइकिल

**कटनी।** शहर के व्यस्त इलाके रघुनाथ गंज से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है। जानकारी अनुसार रघुनाथ गंज वार्ड निवासी नितिन गट्टानी ने 5 फरवरी को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी मोटरसाइकिल (नंबर MP 21 MH 6922 घर के सामने से चोरी हो गई है। वह महज कुछ देर के लिए घर के अंदर गए थे और बाहर आने पर वाहन नदारद मिला। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।साइबर और मुखबिर की मदद से मिली सफलतापुलिस अधीक्षक (SP) अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में कोतवाली थाना प्रभारी राखी पाण्डेय ने एक विशेष टीम गठित की। पुलिस ने जब साइबर सेल और मुखबिरों की सूचना पर संदिग्ध धर्मेन्द्र कोल 28 वर्ष निवासी नन्हवारा बड़वारा का नाम सामने आया।कब्रिस्तान के पास झाड़ियों में वाहन छिपाया था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी धर्मेन्द्र कोल को गाटरघाट अंबेडकर वार्ड के सुनसान इलाके से हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया और बताया कि उसने चोरी की गई बाइक को गाटरघाट के जंगली कब्रिस्तान क्षेत्र में छिपाकर रखा है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वाहन बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## जिला अस्पताल के सामने अब हर रविवार को लगेगा जैविक, प्राकृतिक हाट बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला चिकित्सालय के सामने स्थित नगर निगम सब्जी मार्केट में अब हर रविवार को जैविक ,प्राकृतिक हाट बाजार लगेगा। यहां पहले प्रत्येक मंगलवार को जैविक व प्राकृतिक सब्जियों और उत्पादों का बाजार लगता था। कटनी वासियों की सुविधा के मद्देनजर यह हाट-बाजार अब शासकीय अवकाश दिवस हर रविवार के दिन प्रातः 9 बजे से लगेगा।

कलेक्टर आशीष तिवारी की किसान हितैषी पहल पर शुरू हुये इस जैविक प्राकृतिक सब्जियों के हाट-बाजार के प्रति लोगों का बेहतर प्रतिसाद मिला। जैविक और प्राकृतिक खेती उत्पादन करने वाले किसानों की ताज़ी, हरी सब्जियां हाथों-हाथ बिकने लगीं, और इसका लाभ जिले के किसानों को यह हुआ कि उनके उत्पादों के लिए उन्हें मार्केट मिल गया।इसके साथ ही नागरिकों को हाट-बाजार से रसायनिक-मुक्त, स्वस्थ और पौष्टिक सब्जियां व अन्य उत्पाद बड़ी सहजता से मिलने लग गये। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले में प्राकृतिक खेती और जैविक खेती कर रहे किसानों को जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह हाट-बाजार शुरू कराया था।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास अरूणिमा सेन अयंगर ने बताया कि जैविक ,प्राकृतिक खेती से उत्पादित, रसायन मुक्त एवं शुद्ध उत्पाद मौसमी सब्जियां जैसे-लौकी, सेम, गोभी, टमाटर, पालक, मेथी, मूली, गाजर, पत्ता गोभी फल, जैविक दालें, जैविक चावल एवं श्री अन्न (कोदो, कुटकी, रागी, चियासीड) इत्यादि हाट बाजार में उपलब्ध रहेगें। कटनी शहरवासियों से आग्रह किया गया हैं कि वे हाट बाजार में प्रत्येक रविवार सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे पहुँच कर स्वास्थ्यवर्धक जैविक प्राकृतिक उत्पादों का क्रय करते हुये जिले के कृषकों का मनोबल बढ़ायें।

### भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट पर खजुराहो सांसद व्हीडी शर्मा ने कहा

## विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर बनेगा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




जिला भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बजट को प्रधानमंत्री के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज बताया।

सांसद शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता, मध्यम वर्ग और उद्यमियों के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। यह सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी बजट 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' की भावना को दर्शाता है तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में मजबूत आधार तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि बजट को राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से देखना चाहिए।

उन्होंने बताया कि देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की योजना है। बजट में 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर के निर्माण और 12.2 लाख करोड़ रुपये के कैपिटल एक्सपेंडिचर का प्रावधान किया गया है। साथ ही सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश को 22,500 करोड़ से बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

सांसद शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कैंसर सहित गंभीर बीमारियों की 17 दवाओं पर कस्टम ड्यूटी शून्य की गई है। एक लाख हेल्थ प्रोफेशनल्स की नियुक्ति, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान की स्थापना और हेल्थ टूरिज्म को बढ़ावा देने जैसे कदम उठाए गए हैं। जिला अस्पतालों के उन्नयन और ट्रामा सेंटर की स्थापना से स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। महिलाओं के लिए प्रत्येक जिले में हॉस्टल, डेढ़ लाख केयर वर्कर्स और पेंशनर्स के लिए सुविधाओं का भी प्रावधान किया गया है। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि यह बजट भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में अग्रणी बनाने की दिशा में ठोस कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सही दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह बजट आगामी 10 से 20 वर्षों की विकास यात्रा तय करने वाला है। उन्होंने इसे "रिफॉर्म एक्सप्रेस" की रफ्तार देने वाला बजट बताते हुए सशक्त भारत की मजबूत नींव का आधार बताया।

सांसद श्री शर्मा ने बताया कि 15 हजार माध्यमिक विद्यालयों में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना, आईआईएम के सहयोग से 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने और 'खेलो इंडिया' के माध्यम से खेलों को बढ़ावा देने जैसी घोषणाएं युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के बजट जहां लोकलुभावन रहे, वहीं वर्तमान बजट दूरदर्शी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने वाला है।

पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कटनी क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार, ग्रेड सेपरेटर, स्टेशनों के विकास और तीसरी रेलवे लाइन से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी। साथ ही बताया कि 5 लाख से कम आबादी वाले शहरों के विकास की नई योजना से कटनी को भी लाभ मिलेगा। अंत में सांसद श्री शर्मा ने पत्रकारों का आभार व्यक्त किया और सभी से सौजन्य भेंट की।



## उपनयन संस्कार में पहुंचे संत वीरेन्द्र त्यागी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

नारायणी संस्कृत विद्यालय समिति का भारत त्याग तपस्या बलिदान की भूमि रही हैं जिसके लिए संस्कार ही उपयोगी है हर माता राम जैसी संताने चाहती है और संस्कार भी देती हैं समाज में हो रहे क्रिया कलाओं से । अपनी जन्म भूमि के प्रति समर्पण हो सबके लिए प्रेम सद्भाव हो धर्म मार्ग से राष्ट्र निर्माण हेतु निरंतर पवित्र ऊर्जा के साथ चले।

श्री नारायणी संस्कृत महाविद्यालय मे आयोजित उपनयन संस्कारो मे उपस्थित विलायत कला से पधारे संत वीरेंद्र त्यागी गोपेश्वर महाराज, अरविन्द तिवारी, शिक्षा समिति से उपस्थित रामाधार गौतम, प्रकाश भोमिया पूर्व अध्यक्ष ब्राह्मण समाज महिला मंडल से श्री मति कांता भोमिया , पंडित गौरीशंकर दुबे, पंडित जैनेंद्र त्रिपाठी , पप्पू दीक्षित सहित संपूर्ण धार्मिक लोग उपस्थित रहे।

## खास बातें

### दिव्यांगों के परीक्षण शिविर में स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**जबेरा।** मध्य प्रदेश शासन की निर्देश अनुसार समस्त प्रदेश में विकासखंड स्तर पर दिव्यांग परीक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी दमोह के निर्देश अनुसार विकासखंड स्तरीय दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण शिविर शासकीय एक्सीलेंस हाई स्कूल जबेरा में आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विभिन्न कक्षाओं में अध्यनरत विद्यार्थियों में दिव्यागता की तुरंत पहचान कर उन्हें समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में जिला दिव्यांग शिविर के प्रभारी नरेंद्र पटेल के नेतृत्व में डॉक्टर एन के पटेल डॉक्टर सोनू शर्मा डॉक्टर यू रेड्डी डॉक्टर आशुतोष पटेल सहित अन्य सहायक कर्मचारियों ने बच्चों का परीक्षण किया। दिव्यांग परीक्षण के बारे में शिविर में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की महत्व स्वच्छता एवं हरित वातावरण बनाने रखने के लिए जानकारी दी गई इस मौके पर लाखन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ अध्यापक सहित दिव्यांग छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# खिलाड़ियों के सपनों पर ताले: मैदान नहीं संसाधन नहीं, फिर भी प्रतिभाओं से उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



**नगर क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के बड़े-बड़े दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों के ठीक उलट नजर आती है। खेल के लिए जहां बच्चों और युवाओं को सुरक्षित, व्यवस्थित और स्थायी मैदान मिलना चाहिए, वहीं यहां हालात ऐसे हैं कि खिलाड़ियों से उनका अंतिम सहारा भी छीन लिया गया है।**

वार्ड क्रमांक 9 में लगभग 15 वर्ष पहले करीब 50 लाख रुपये की लागत से नगर में एक स्टेडियम का निर्माण किया गया, लेकिन यह भ्रष्टाचार की भेंट चढ गया लेकिन दुर्भाग्यवश यह स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए शोपीस बनकर रह गया। निर्माण के बाद एक भी दिन खिलाड़ी वहां खेल नहीं पाए। न तो स्टेडियम को नियमित रूप से खोला गया, न ही उसे खेल गतिविधियों के लिए सौंपा गया। परिणामस्वरूप, युवा खिलाड़ी मैदान के अभाव में भटकने को मजबूर हो गए। खेलने की जिद और जुनून ने खिलाड़ियों को हार मानने नहीं दी। इसके बाद उन्होंने खकरिया मार्ग के जंगलों में खुद का खेल मैदान तैयार किया। झाड़ियों को साफ कर, पत्थर हटाकर, बिना किसी सरकारी मदद के युवाओं ने अपनी मेहनत से अभ्यास के लिए जगह बनाई। यह मैदान केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं था, बल्कि उनके सपनों, संघर्ष और आत्मसम्मान का प्रतीक था। लेकिन अब वह मैदान भी उनसे छिन गया है। नमो वन योजना के अंतर्गत यहां चल रहे कार्यों के कारण अखिल मैदान को भी खिलाड़ियों से ले लिया गया। बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए, बिना खिलाड़ियों से संवाद किए, उनका एकमात्र अभ्यास स्थल समाप्त कर दिया गया। आज स्थिति यह है कि नगर के खिलाड़ी खुले आसमान के नीचे भी सुरक्षित रूप से अभ्यास नहीं कर सकते।

शासन और प्रशासन लगातार खेल प्रतिभाओं को बढ़ाने, युवाओं को आगे लाने और प्रदेश-देश का नाम रोशन करने की बातें करते हैं। लेकिन जब खेलने के लिए मैदान ही नहीं होगा, तो खिलाड़ी खेलेंगे कैसे? नाम रोशन करने की उम्मीद तब कैसे की जा सकती है, जब अभ्यास करने की जगह तक उपलब्ध नहीं है? यह केवल मैदान का मुद्दा नहीं है, यह युवाओं के भविष्य, उनके आत्मविश्वास और उनके अधिकारों का प्रश्न है। खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व और सकारात्मक सोच भी सिखाता है। मैदान छिनना मतलब इन सभी अवसरों का छिन जाना।

## जन्म का क्षेत्र स्वर्ग से बढ़कर होता है- पंडित मथुरा प्रसाद शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

देव श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में अतिरुद्र महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित श्री डॉ. मथुरा प्रसाद शुक्ल जी का 78 वा जन्मदिन बड़े ही धूम धाम और गाजे बाजे के साथ मनाया गया। इस दौरान उन्हें कुँ पुष्पेंद्र सिंह हजारी ने पगड़ी बांधकर फूल माला पहनाकर शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से यज्ञाचार्य का जन्मदिन मनाया और आशीर्वाद लिया। वही यज्ञाचार्य पंडित मथुरा प्रसाद शुक्ल जी ने अपने उद्बोधन में कहा शास्त्रों में लिखा है 84 लाख योनी भगवान ने पैदा किये है। सबकी शुभकामनाएं सबको चाहिए बाबा के दरबार मे विद्वानों की उपस्थिति मे आयु कि व्रध्दि के मंत्र मुझे प्रदान किये गए हैं। जिनका में हमेशा ऋणी रहूंगा। कर्म देने वाली माता और जन्म का क्षेत्र स्वर्ग से बढ़कर होता है। इस अवसर पर रामगोपाल जी सरकार के महंत श्याम दास जी महाराज, पुजारी पंडित रामसुजान पाठक, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय यज्ञ समिति अध्यक्ष अनुराग वर्धन हजारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## 890 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**दमोह।** ग्राम नोहटा के नोहलेश्वर महोत्सव मेला में 07 फरवरी को पीपुल्स हॉस्पिटल भोपाल के द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर के द्वितीय दिवस में 890 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमे से 51 मरीजों को आगे के उपचार हेतु बस के माध्यम से भोपाल भेजा गया । स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में 76 व्यक्तियों की गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई एवं निःक्षय अभियान के तहत 60 व्यक्तियों का X-ray किया गया। सभी के स्वास्थ्य शिविर में परीक्षण के बाद प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी द्वारा शिविर में आए दिव्यांग लोगों को ट्राई साइकिल, सुनने की मशीन आदि प्रदान की।

## दिव्यांगों के परीक्षण शिविर में स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**जबेरा।** मध्य प्रदेश शासन की निर्देश अनुसार समस्त प्रदेश में विकासखंड स्तर पर दिव्यांग की परीक्षण हुई तू सिविल आयोजित किया जा रहे हैं उसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी दमोह के निर्देश अनुसार विकासखंड स्तरीय दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण शिविर शासकीय एक्सीलेंस हाई स्कूल जबेरा में आयोजित किया गया इस शहर का उद्देश्य विभिन्न कक्षाओं में अध्यनरत विद्यार्थियों में दिव्यागता की तुरंत पहचान कर उन्हें समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना था शिविर में जिला दिव्यांग शिविर के प्रभारी नरेंद्र पटेल के नेतृत्व में डॉक्टर एन के पटेल डॉक्टर सोनू शर्मा डॉक्टर यू रेड्डी डॉक्टर आशुतोष पटेल सहित अन्य सहायक कर्मचारियों ने बच्चों का परीक्षण किया। दिव्यांग परीक्षण के बारे में शिविर में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की महत्व स्वच्छता एवं हरित वातावरण बनाने रखने के लिए जानकारी दी गई इस मौके पर लाखन सिंह ठाकुर वरिष्ठ अध्यापक सहित दिव्यांग छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## शुभकामना समारोह में भावुक हुए भैया-बहिन




**हिंडोरिया।** सरस्वती शिशु मंदिर मे शुभकामना समारोह का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा 11th के भैया बहिनों ने कक्षा 12th के भैया बहिनों को शुभकामनायें प्रेसित की जिसमे विद्यालय समिति के अध्यक्ष रघुनन्दन नेमा, व्यस्थापक प्रदीप पोद्दार, उपाध्यक्ष मोहन नामदेव, दीपेश उपाध्याय ( राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ) के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । मोहन नामदेव के द्वारा भैया बहिनों को शुभ आशीष दिया गया। उन्होंने कहा की जिस प्रकार इस विद्यालय मे भैया बहिनो ने शिक्षा के साथ आनुशासन का जो पाठ सीखा हैं जिस क्षेत्र में भी जाये हमेशा इस विद्यालय ने जो सिखाया हैं वो याद रखना इसके पश्चात कक्षा 12वी की बहिन मानसी गर्ग, अमृता चौरसिया, स्वाति साहू ने अपने विचार व्यक्त किये और बहिन स्वाति साहू बताया की यह विद्यालय केवल हमारे लिए पढ़ाई का स्थान नहीं रहा। एक परिवार के जैसा हैं, यहाँ पर हम सभी ने जीवन के सभी अनुभवों जिया हैं। बहिन अमृता चौरसिया ने अपने विचारों मे कहा की हमें हर्ष इस बात का हैं की हमने अपने विद्यालय जीवन का एक महत्वपूर्ण अध्याय सफलता पूर्वक पुरा कर लिया हैं। यह विद्यालय एक पढ़ाई का स्थान नहीं बल्कि ऐसी जगह हैं जहा हमने अनुशासन, समर्पण,नैतिक मूल्यों और जीवन के कई सवक सीखे हैं अंत मे विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार खरे के द्वारा शुभ आशीष प्रदान किया।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनी पूजा असाटी

**हटा।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ विकासखंड हटा में मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी हेतु महिला शिक्षिकाओं की बैठक मां चंडी जी मंदिर में आयोजित की गई जिसमें सक्रिय महिला सदस्यों एवं संगठन के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में महिला पदाधिकारी की टीम गठित की गई जिसमें सर्वसम्मति से पूजा असाटी को महिला मोर्चा का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया एवं शोभना जैन को ब्लॉक उपाध्यक्ष, मनीषा प्यासी ब्लॉक संयोजक, संध्या तंतुवाय ब्लॉक सचिव, बृज कुमारी बडगैया ब्लॉक सहसचिव, रश्मि पांडे ब्लॉक मीडिया प्रभारी,लक्ष्मी तंतुवाय कोषाध्यक्ष, दीपशिखा दुबे हिनौता संकुल प्रभारी, अर्चना मुड़ा कांटी संकुल प्रभारी, एवं सुशीला सिंह जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा ,वंदना पटेल को जिला संगठन मंत्री बनाया गया सभी नवीन महिला पदाधिकारी ने अपने पद का उत्तरदायित्व ईमानदारी से निभाने की शपथ ली उपस्थित सभी पदाधिकारियों के द्वारा नवनिर्वाचित महिला सदस्यों को बधाइयां दी गई एवं 8 फरवरी को संगठन के माध्यम से मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिलों में एक साथ माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम एक ज्ञापन माननीय जिला कलेक्टर महोदय को सौंपा जाएगा। सभी से ज्ञापन में सम्मिलित होने की अपील की गई ताकि सरकार तक अपनी मांगे पहुंचा सके और सरकार को अपनी ताकत दिखा सकें। बैठक में श्रीमती पदमा अग्निहोत्री गायत्री तंतुवाय, संदीपा पांडे, सरिता कस्तोर सहित संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव जिला अध्यक्ष मुकेश सराफ जिला उपाध्यक्ष सुनील सोनी ब्लॉक संयोजक रोहिणी तंतुवाय, रविंद्र सिंह, अशोक विश्वकर्मा, विजय राय, भगवान दास पटेल, अशोक बडगैया सहित अनेक शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## मंडल घटेरा में गूंजा हिंदू एकता का स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बनवार उपखण्ड के मंडल घटेरा में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन एकता और सामाजिक समरसता का सशक्त मंच बनकर उभरा। सम्मेलन में पहुंचे संत विप्र कुलभूषण एवं पं. ऋषिकांत गर्ग ने हिंदू समाज को जाति, भाषा और वर्ग से ऊपर उठकर संगठित रहने का आह्वान किया। संतों ने कहा कि समाज को दिशा देने और एकजुट रखने में संतों की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। कार्यक्रम के दौरान जिला महिला समन्वय अधिकारी सीमा जाट ने “पंच परिवर्तन” विषय पर विचार साझा करते हुए सामाजिक जागरूकता पर बल दिया, वहीं जिला व्यवस्था प्रमुख योगेश जाट ने संघ के विचार, स्थापना और संगठनात्मक विस्तार पर सारगर्भित बौद्धिक उद्बोधन दिया। सम्मेलन में ग्राम सरपंच एवं कार्यक्रम संयोजक राघवेंद्र सिंह, सहसंयोजक नवल सिंह, सरपंच सीतारानी गोंड, मैदा बाई, ऋतु जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे आयोजन को जीवंत और प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन उपखण्ड कार्यवाह चैन सिंह ने किया।

## 11 ओवर में ही जीत लिया निवारी टीम ने फाइनल मैच





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

ग्राम गैसाबाद के कोरंटीन खेल मैदान में 16 जनवरी से प्रारंभ हुये पंचायत कप टूर्नामेंट के फाइनल मैच में आज निवारी जिला पन्ना की टीम ने निमरमुंडा हटा को हराकर विजय हासिल की। 16 ओवर के हुए इस फाइनल मैच में निमरमुंडा ने पहले बैटिंग करते हुए 128 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए निवारी टीम ने 11 ओवर में ही मैच जीत लिया। विजेता टीम निवारी को 21 हजार रूपये की नगद राशि एवं ट्रॉफी पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर दहिया मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल एवं सरपंच प्रतिनिधि विनोद अहिरवार द्वारा प्रदान की गई। वही उपविजेता टीम निमरमुंडा को 11000 रू नगद राशि एवं ट्रॉफी कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव शिक्षक अजीत खान एवं उपसरपंच माया पटेल द्वारा प्रदान की गई, वही मैन ऑफ द मैच की शील्ड सुदीप जिमी नगरिया पत्रकार लल्लू खान द्वारा प्रदान की गई। मैच की शानदार कामेंट्री कयूम खान द्वारा की गई, इस अवसर पर पंडित लालाराम बिलोहा जितेंद्र चौरसिया निलेश जैन इलियास खान मगन सा एजाज खान सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही टूर्नामेंट ट्रॉफी के आयोजक रहे। कयूम खान साहिल खान जिद्देल खान नौशाद हाफिज एजाज खान आदि ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया टूर्नामेंट में एक रोचक मुकाबला दर्शकों को देखने मिला फाइनल मैच में ग्रामीण क्षेत्र के आसपास के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## स्टाफ नर्स ने 16 हजार में किया अविवाहित लड़की का गर्भपात

### जांच में दोषी पाई गई लेकिन कार्रवाई फाइल दबा दी गई

छतरपुर।



जिले के बड़ामलहरा सिविल अस्पताल में एक संविदा स्टाफ नर्स द्वारा अविवाहित लड़की का अवैध गर्भपात कराने का गंभीर मामला सामने आया है। जांच कमेटी ने नर्स को दोषी करार दिया, लेकिन जॉइंट डायरेक्टर सागर कार्यालय ने कार्रवाई की फाइल को दबाकर रख दिया है। शिकायतकर्ता ने अब कड़ी कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा उच्च स्तर पर शिकायत करने की चेतावनी दी है।

मई 2025 में टीकमगढ़ जिले की एक अविवाहित लड़की ने बड़ामलहरा अस्पताल में संविदा नर्सिंग ऑफिसर प्रीतू दुबे से संपर्क किया। प्रीतू दुबे ने 16 हजार रुपये लेकर लड़की का गर्भपात कराया। प्रक्रिया के दौरान लड़की की हालत बिगड़ गई, तो उसे फर्जी साइन के साथ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों ने उसे झांसी और फिर ग्वालियर अस्पताल ले जाया, जहां बच्चेदानी फटने की पुष्टि हुई और सर्जरी करनी पड़ी। लड़की 28 मई से 6 जून तक भर्ती रही। अस्पताल ने पुलिस को सूचना दी। शिकायतकर्ता रामकुमार कुशवाहा ने इस मामले में मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, महिला आयोग और मानव अधिकार आयोग में शिकायत दर्ज की। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं भोपाल के निर्देश पर जेडी सागर ने जांच के आदेश दिए। सीएमएचओ के माध्यम से डॉ. एस. प्रजापति, डॉ. सुरेखा खरे और कपिल डावर की टीम ने जांच की। जांच में प्रमुख तथ्य सामने आए जिनमें प्रीतू दुबे ने 16 हजार रुपये लेकर गर्भपात कराया और पैरामेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट (एमपीटी एक्ट), 1971 का उल्लंघन किया। प्रीतू ने जांच में झूठा बयान दिया कि उसने कोई इलाज या पैसा नहीं लिया। साथी नर्स यामिनी भारती ने बताया कि प्रीतू ने मरीज को मैनेज किया और रेफर किया, लेकिन डॉ. राकेश शुक्ला को सूचना नहीं दी। रेफर स्लिप पर डॉ. हरगोविंद राजपूत के फर्जी साइन किए गए, जिन्होंने इससे इनकार किया। जिला अस्पताल की डॉ. साक्षी गंगले ने बताया कि परिजनों ने प्रीतू द्वारा बच्चेदानी सफाई का जिक्र किया। सुमन हेल्प डेस्क कर्मचारी राजाराम के साथ ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध है, जिसमें प्रीतू द्वारा पैसे लेकर गर्भपात का उल्लेख है। पीड़िता ने लिखित बयान में 16 हजार रुपये के लेन-देन और गर्भपात की पुष्टि की। जांच पूरी होने के दो माह बाद भी जेडी सागर कार्यालय ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। कार्रवाई की फाइल नर्सिंग शाखा प्रभारी के पास दबी पड़ी है। शिकायतकर्ता रामकुमार कुशवाहा ने कहा, यदि जेडी ऑफिस एमपीटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज नहीं कराता, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी।

## हिरदेपुर स्कूल में पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न



**दमोह।** प्रयास पर्यावरण संस्था ने अपने शालेय जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हिरदेपुर में विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। सरस्वती पूजन और वंदना के उपरांत प्रयास के संगठक डॉ. एल. सी. जैन ने प्रतियोगिता का वातावरण बनाते हुये एम. के. खरे को प्रवेश राउंड का संचालन करने हेतु आमंत्रण दिया। श्री खरे ने प्रश्नों के माध्यम से २० छात्रों का चयन मुख्य प्रतियोगिता हेतु किया। बच्चों को कहानी सुनाकर मुख्य प्रतियोगिता के लिए तैयार किया गया। पूर्व पाचार्य एवं प्रयास के मार्गदर्शक पारस कुमार जैन ने मुख्य प्रतियोगिता का संचालन पर्यावरण क्विज के रूप में किया जिसमें समस्त बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को प्रयास अध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल के सौजन्य से आकर्षक पुरुस्कार प्रदान किए गये। कार्यक्रम में प्रयास के कोषाध्यक्ष संतोष जैन हीरापुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रदीप अग्रवाल ने अपने मधुर कंठ से पर्यावरण जागरूकता गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रभारी प्रधान अध्यापक माधो सिंह ठाकुर ने प्रयास संस्था की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुये कार्यक्रम को सार्थक, ज्ञानवर्द्धक एवं पर्यावरण संरक्षण कार्य के लिए सुंदर पहल बताया।

## फफूंद जनित रोगों से बचाव हेतु विशेषज्ञों की किसानों को सलाह

**दमोह।** वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए किसानों को फफूंद जनित रोगों से बचाव की जानकारी देने के उद्देश्य से दमोह स्थित न्यू बृजवासी होटल में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में किसान रूपेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. द्वारका एवं दिनेश पटेल ने मौजूद पत्रकार बंधुओं को मौसम के कारण फैलने वाले फफूंद जनित रोगों एवं उनके निदान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने बताया कि बटियागढ़ ब्लॉक सहित पूरे क्षेत्र में नमी एवं तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण रबी फसलों और सब्जियों में फफूंद जनित रोगों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। डॉ. द्वारका, कीटशास्त्र विभाग, कृषि महाविद्यालय पन्ना तथा दिनेश पटेल, एसएडीओ कृषि विभाग बटियागढ़ ने कहा कि समय रहते सावधानी एवं उचित दवाओं के प्रयोग से किसान अपनी फसलों को भारी नुकसान से बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में चना, गेहूं, सरसों, सब्जियों एवं फलदार वृक्षों में उकठा रोग, झुलसा रोग, पत्ती धब्बा, जड़ सड़न एवं डैम्पिंग ऑफ जैसे रोग अधिक देखने को मिल रहे हैं। यदि इन रोगों पर प्रारंभिक अवस्था में नियंत्रण नहीं किया गया, तो उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है।

विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी कि बुवाई से पूर्व बीज उपचार अवश्य करें। बीज उपचार एफआईआर विधि से करना अधिक उपयोगी रहता है। इसके लिए कार्बेन्डाजिम या थिरम फफूंदनाशी का 2 से 3 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से प्रयोग करने पर बीज एवं जड़ से फैलने वाले रोगों से बचाव संभव है। जैविक खेती करने वाले किसान ट्राइकोडर्मा का उपयोग कर सकते हैं, जो फफूंद के विरुद्ध प्रभावी जैविक सुरक्षा प्रदान करता है।

इसके साथ ही खेत में जलभराव की स्थिति न बनने दें तथा संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें, क्योंकि अधिक नाइट्रोजन देने से फफूंद रोग तेजी से फैलते हैं। फसल में रोग के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत छिड़काव करना आवश्यक है।

डॉ. द्वारका एवं दिनेश पटेल के अनुसार मैनकोजेब 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी या कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से पत्ती धब्बा एवं झुलसा रोग पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। अधिक प्रकोप की स्थिति में हेक्साकोनाजोल या एजोक्सीस्ट्रोबिन जैसे नए मॉलिक्यूल कीटनाशकों का उपयोग किया जा सकता है। छिड़काव सुबह या शाम के समय करना अधिक प्रभावी माना जाता है तथा 10 से 15 दिन के अंतराल पर दोहराने से बेहतर परिणाम मिलते हैं।

अंत में विशेषज्ञों ने किसानों से अपील की कि वे नियमित रूप से अपनी फसलों का निरीक्षण करें, प्रारंभिक लक्षण दिखाई देते ही उपचार करें, खेत की स्वच्छता बनाए रखें, रोगग्रस्त पौधों को हटाएं एवं उचित फसल चक्र अपनाएं। उन्होंने कहा कि जागरूकता और समय पर कार्रवाई से फफूंद जनित रोगों पर आसानी से नियंत्रण पाया जा सकता है और किसान अपनी मेहनत की फसल को सुरक्षित रख सकते हैं।

## खास बातें

### आज से श्रीमद्भागवत

**दमोह।** स्थानीय सिविल वार्ड 7 स्टेडियम के पास जगदीश सिंह चँदेल के निवास के पास 8 फरवरी रविवार से श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ होगी कथा का वाचन कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज करेंगे आयोजक अखण्ड रामायण महिला मंडल की अध्यक्ष आशा राजपूत ने समस्त भक्तो से कथा श्रवणार्थ उपस्थिति का आग्रह किया है।

### जिला स्तरीय 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम संपन्न

**दमोह।** परीक्षा पर चर्चा का जिला स्तरीय कार्यक्रम जिले की महिला शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। यह आयोजन एमएलबी विद्यालय, दमोह में संपन्न हुआ, जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेंद्र कटारे ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत दमोह की अध्यक्ष प्रीति राजू ठाकुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। आयोजन का प्रयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह 'परीक्षा पर चर्चा' का 9वां संस्करण है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा तनाव से मुक्त कर उन्हें सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान करना है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा, डीपीसी मुकेश द्विवेदी एवं एपीसी मोहन राय ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू कटारे ने रोचक शैली में छात्रों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्हें आत्मविश्वास और एकाग्रता के साथ परीक्षा की तैयारी करने की प्रेरणा दी। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, अथक मेहनत और निरंतर परिश्रम आवश्यक है, जो विद्यार्थी जीवन की मजबूत नींव बनता है। कार्यक्रम में रोचक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं तथा बोर्ड परीक्षा की छात्राओं के सम्मान में प्रेरक गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में युवा नाट्य मंच के अध्यक्ष एवं रंगकर्मी राजीव अयाची ने कला कौशल, करियर विकल्पों एवं परीक्षा में समय प्रबंधन विषय पर प्रेरणादायक संवाद किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रुति राजपूत एवं सपना जैन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आर.बी. सिंह एवं डी.पी. सेन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के साथ हुआ।

### हिण्डोरिया में अज्ञात युवकों ने की धोखाधड़ी, सीसीटीवी कैमरे में कैद वारदात

# फर्जी स्केनर से भुगतान करके दुकानदार को चूना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



नगर के एक किराना दुकानदार को दो बाहरी अज्ञात युवकों ने तेल एवं शक्कर आदि किराना सामग्री लेने के बाद स्केनर से फर्जी भुगतान करके सैकड़ो रुपए का चूना लगा दिया और फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार ने हिंडोरिया थाने में इस आशय की शिकायत करते हुए इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने। की मांग की है। नगर के वार्ड 06 हिण्डोरिया निवासी हरीराम साहू पिता मोहन लाल ने बताया कि वो भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के सामने किराना दुकान खोले हुये है। दिनांक 06 जनवरी 2026 की शाम साढे. पांच बजे मेरी दुकान पर दो अज्ञात युवक फोर व्हीलर गाड़ी जिसका नं. एमपी 15 सीबी 5375 से आये। दुकान पर मैं एवं मेरा छोटा भाई रिटायर्ड सैनिक कमल साहू बैठा हुआ था। दुकान से युवकों ने चार कुप्पा मीठा तेल, 20 किलो शक्कर आदि 10 हजार दो सौ रुपये मूल्य की सामग्री खरीदी। इसके बाद स्केनर पर युवकों ने फर्जी भुगतान किया। और ये युवक यहाँ से चले गये। हरीराम ने बताया की इसके बाद जब हमने अपने मोबाइल मे बैलेंस चेक किया तो पता चला कि मेरे खाते मे राशी नही आई है। मैंने युवकों एवं गाड़ी को ढूडा.तो वे दोनों नही मिले। इसके बाद हमने तत्काल बैंक शाखा मे जानकारी ली। अपना खाता चैक कराया। तो बैंक कर्मी ने कहा की कशमकश कल तक का इंतजार करें। हो सकता की कल तक राशी आपके खाते मे आ जाये। कभी कभी राशी खाते मे बाद मे भी आ जाती है।किंतु 24 घंटे के बाद भी उक्त राशी खाते मे नही आई है। साहू ने बताया कि बैंक के सीसीटीवी कैमरे में दोनों युवकों एवं उनकी गाड़ी घटना सहित कैद हो चुकी है। पुलिस इसी सीसीटीवी कैमरे के आधार पर मामले की सक्रियता से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि वह मामला शीघ्र कानून सम्मत हल कर लेगी। अब देखना की इस साईवर अपराध से पीड़ित को न्याय कब तक मिलता है।

# स्वच्छता कार्यक्रम एवं वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में इको क्लब के पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत को अभियान मे स्वच्छता कार्यक्रम एवं वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर एन पी नायक के निर्देशन में समिति के संयोजक प्रीति वर्मा एवं सदस्यों डॉ. प्रणव मिश्रा, डॉ. दिनेश कुमार पटेल, जया अहिरवार, डॉ. उमेश कुमार कुमार दीपांकर, डॉ. अमिता श्रीवास्तव द्वारा तथा इको क्लब की समस्त सदस्य छात्राओं द्वारा किया गया। प्राचार्य द्वारा छात्राओं को पर्यावरण के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के विषय में संक्षेप में जानकारी दी गई। इको क्लब की संयोजक प्रीति वर्मा के द्वारा इको क्लब के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू का पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग मैं वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पर्यावरण स्नेही तथा कार्बनिक रंगों के माध्यम वॉल पेंटिंग कैंपस में कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रेखा जैन, डॉ. अवधेश जैन, डॉ. मालती नायक, डॉ. आराधना श्रीवास, डॉ. राधा ताम्रकार, शिवशंकर मरकाम, पूजा तंतुवाय, डॉ. अनुभा तिवारी, समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# वाणिज्य विभाग की छात्रा प्राची पटेल ने उत्तीण की नेट परीक्षा

**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स, ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह के वाणिज्य विभाग के लिए यह गर्व का विषय है कि विभाग की छात्रा प्राची पटैल ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित यू.जी.सी. नेट परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। उनकी इस उपलब्धि से



महाविद्यालय एवं वाणिज्य विभाग का नाम गौरवान्वित हुआ है। प्राची पटैल की इस सफलता पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि प्राची की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. एस.के. अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक कु. एकता मसीह, अतिथि विद्वान डॉ. गोविन्द गुप्ता एवं अतिथि विद्वान श्री पवन कुमार अहिरवाल ने भी प्राची पटैल को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय परिवार ने प्राची की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है तथा विश्वास जताया है कि वे भविष्य में भी शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगी। उनकी सफलता से महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं में भी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के प्रति उत्साह बढ़ेगा।

# अटैच शिक्षक को मूल शाला में कार्यमुक्त हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ने किया आदेश जारी

**हटा।** विकासखंड के अंतर्गत संकुल शिक्षा केंद्र हटा की एकीकृत शाला कुंवरपुर मैं पदस्थ दो शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अन्य शालाओं में अटैच किया गया था जिससे स्कूल में अध्यनरत बच्चों की पढ़ाई हो रही थी जिसका समाचार हरिभूमि अखबार में विगत 4 फरवरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिसे कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा गंभीरता से लेते हुए अटैच शिक्षकों को तत्काल मूल शाला में भेजने निर्देशित किया गया। दरअसल हटा संकुल क्षेत्र की एकीकृत शाला कुंवरपुर मैं प्राथमिक शिक्षक सरिता जैन को नगरीय क्षेत्र के प्राथमिक शाला बजरंग वार्ड हटा में अटैच किया गया था एवं इसी शाला में पदस्थ जितेंद्र प्यासी माध्यमिक शिक्षक को विधायक कार्यालय में अटैच किया गया था लेकिन कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा द्वारा सरिता जैन को मूल पदस्थ संस्था प्राथमिक साला कुंवरपुर में कार्यभार ग्रहण करने हेतु संकुल प्राचार्य पीएमश्री एमएलबी स्कूल को आदेश जारी किया गया। लेकिन राजनीतिक रसूख के चलते शिक्षक जितेंद्र प्यासी के नाम पर राजधानी भोपाल स्थित शिक्षा विभाग के पत्रों के पालन में जिला शिक्षा अधिकारी दमोह की कलम नहीं चल सकी, जिससे शिकायत करने वाले जनप्रतिनिधियों में आक्रोश पनप रहा है।

# तेंदूखेड़ा में नशा मुक्ति रैली में समाज सुधार का दिया गया सशक्त संदेश





### श्री दुर्गा चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के मार्गदर्शन में समाज को नशे मांस से मुक्त चरित्रवान चेतनावान, जातीयता, छुआछूत ,सांप्रदायिकता से मुक्त समाज निर्माण हेतु करने के उद्देश्य से देशभर में चलाए जा रहे जन-जागरण अभियान के अंतर्गत भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दिनांक 7 फरवरी 2026 को नगर तेंदूखेड़ा में आयोजित जिला स्तरीय श्री दुर्गा चालीसा पाठ का भव्य, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धापूर्ण समापन संपन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, नगरवासियों, महिलाओं एवं युवाओं की सहभागिता देखने को मिली। समापन अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष बहन पूजा शुक्ला जी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन संध्या शुक्ला जी तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनूप द्विवेदी जी का नगर में गरिमामय आगमन हुआ।

कार्यक्रम के दौरान नगर में भव्य नशा मुक्ति रैली निकाली गई, जिसमें समाज के हर वर्ग ने एकजुट होकर भाग लिया। रैली के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा मुक्त एवं संस्कारित समाज निर्माण का संदेश दिया गया। रैली उपरांत विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ श्री दुर्गा चालीसा पाठ का विधिवत समापन किया गया। जयकारों और भक्ति भाव से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक एवं सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया समापन की बेला में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन संध्या शुक्ला द्वारा कहा कि मां की साधना आपको भक्ति मार्ग पर बढ़ती है, आपके जीवन में हर समस्या का समाधान मां की साधना से ही होता है, यह देश ऋषियों मुनियों की भूमि है साधना तपस्या का फल क्या होता है यह हमें आप ऋषियो,मुनियों ने बताया है, आपके द्वारा किया गया एक भी कर्म का फल कभी भी व्यर्थ नहीं जाता, प्रत्येक कर्म का फल अवश्य प्राप्त होता है अब चाहे वह अच्छा हो या बुरा। हमें आपसे कुछ चाहिए नहीं,कोई लोभ नहीं,कोई लालच, हमारा ओर आपका जो रिश्ता है एक ऐसा मजबूत रिश्ता परम पूज्य गुरुदेव भगवान ने हमें आपसे जोड़ा है।, ओर समाज की बुराइयों को दूर करना ,अधर्म का नाश करना , धर्म की स्थापना करना, बच्चों को ओर आने वाली पीढ़ी को सही दिशा प्रदान करना यही हमारा लक्ष्य और उद्देश्य है।

भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन पूजा दीदी जी ने संगम का अर्थ बताते हुये कहा की दिव्यताओं के मिलन को ही संगम कहा जाता है जिस तरह से प्रयागराज में तीन तीन धाराओं का मिलन मां सरस्वती, मां यमुना, मां गंगा का मिलन हुआ है आज परम पूज्य गुरुवर की कृपा से हमारे हजारों शक्ति साधकों का यह मिलन हुआ यह भी एक संगम से काम नहीं है । आज कल लोग कहते हैं कि माता रानी का जब बुलावा आएगा तब हम जाएंगे ऐसा कहने वालों के पास मातारानी का बुलावा कभी नहीं आता है क्योंकि मां भी उसी को अपनाती है जो मां को अपनाता है जो एक कदम मां की ओर अबोध शिशु , बालक बनकर विनय, निवेदन करता हैं कि मां हमें अपनी कृपा प्रदान करो तभी वह मां के दरबार सिद्धाश्रम धाम तक पहुंचे पाते हैं आज हमारे सभी गुरु भाई बहने कहीं ना कहीं हर क्षेत्र में चाहे धर्म के क्षेत्र में हो, चाहे अर्थ के क्षेत्र में हो, और चाहे सामाजिक क्षेत्र में हो, एक पायदान दो पायदान आगे ही बढ़े हैं आज हमारा सम्मान हो रहा है।


भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सम्माननीय सौरभ द्विवेदी जी ने बताया कि लोग कहते हैं कि आश्रम से इतने सारे लोग कई वर्षों से जुड़े हैं इतनी पूजा पाठ कराते है आखिर उनको को सिद्धि मिली, मिली कि मिली तो मैं उन सभी लोगों को बता देना चाहता हूं कलयुग में इतनी सिद्धि मानकर चले दुनिया के किसी भी कोने में चले जाओ यह मानकर चले कि यहां एक डेढ़ हजार लोग ही उपस्थित है ,एक साथ एक स्थान पर, आप कही एक हजार ही लोग ढूंढ लाओ जो नशे से मुक्त हो मांस से मुक्त हो चरित्रवान एवं चेतनावन जीवन जीते हो, जिनके घर में मांस न बनता हो,तो आपको कहीं ऐसे लोग नहीं मिलेंगे, जो जातिभेद ना करते हो, छुआछूत ना मानते हो, समाज में लड़ने वाले और समाज को लड़ाने वाले लोग मिलेंगे, लेकिन एक स्थान पर एक साथ एक भाव को लेकर आत्म कल्याण और जल कल्याण की भावनाओं को लेते हुए अगर एक साथ निकलता है तू है भगवती मानव कल्याण संगठन का सदस्य ही निकलता है यह सिद्ध मिली है/ परम पूज्य गुरुवर से जुड़कर मुझे यह प्राप्त हुआ है लोग कहते हैं कि इसमें क्या बड़ी बात है तू कृपा करके यह बता दे कि जिस घर में एक भी व्यक्ति नशा करता हो तो उसे घर की बहन माता उसके पिता से पूछो की नशा मुक्ति क्या होती है वह कहते हैं कि ले लो जो भी रुपया पैसा चाहिए हो सब ले लो लेकिन मेरे परिवार का सदस्य नशा मुक्त हो जाए जग-जग जाता है मन्नत मांगता है कि मेरे परिवार का यह सदस्य नशा मुक्त हो जाए वह जानता है कि उसके पास रुपया है पैसा है सब कुछ है लेकिन उसके परिवार का एक सदस्य मृत्यु की ओर जाता हुआ दिखाई देता है वह नशा करके घर जाता है और अपनी बीवी बच्चों को मारता है और अपनी पत्नी बच्चों को मारता है पीटता है परेशान करता है उसका घर नरक बन जाता है इसलिए परम पूज्य गुरुवर जी ने जब भी किसी व्यक्ति को अपने से जोड़ा तो सबसे पहले उसे नशा मुक्त बनाया।

इस कार्यक्रम के आयोजक युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भारतीय शक्ति चेतना पार्टी मध्य प्रदेश एवं मथुरा ट्रेडर्स के संचालक भाई अनिल यादव के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी मां भक्तों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम समापन के पश्चात सभी मां भक्तों ने शक्ति जल प्रसाद प्राप्त किया एवं भंडारा में महाप्रसाद भी प्राप्त किया। हजारों की संख्या में क्षेत्र के नए मां भक्त, कर्मचारी, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित हुए।

**चिकित्सा शिविर से सांस्कृतिक संध्या तक, नोहलेश्वर महोत्सव बना जनकल्याण का उत्सव**

# नोहलेश्वर महोत्सव हमारी प्राचीन आस्था, समृद्ध बुंदेली संस्कृति का प्रतीक है: संस्कृति राज्यमंत्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा/दमोह

नोहटा में आयोजित पावन नोहलेश्वर महोत्सव जनसेवा, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। महोत्सव के अंतर्गत जहाँ एक ओर दो दिवसीय विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर 06 एवं 07 फरवरी को आयोजित किया गया, वहीं दूसरी ओर भव्य सांस्कृतिक संध्या ने नागरिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

द्वितीय दिवस में हटा विधायक उमा देवी खटीक, पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह, संत स्वामी रंजीतानंद जी महाराज अतिथि रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं श्री गणेश पूजन के साथ हुआ। अतिथि स्वागत पश्चात मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुए। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में क्षेत्र के हजारों नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। अनुभवी चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की जाँच कर ज़रूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण एवं यंत्र प्रदान किए गए। गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध कराकर भोपाल भेजा गया, जहाँ उन्हें बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव हमारी प्राचीन आस्था, समृद्ध बुंदेली संस्कृति और जनसेवा की भावना का जीवंत प्रतीक है। यह महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़ने का माध्यम है। निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से जरूरतमंद नागरिकों तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाई गई हैं, वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए हमारी लोककला और लोकसंस्कृति को सहेजने का कार्य किया जा रहा है। मेला क्षेत्र में भ्रमण कर आमजन से मिलकर जो आत्मीयता और उत्साह देखने को मिला, वह इस आयोजन की सफलता को दर्शाता है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और जनकल्याण को नई दिशा देते हैं। शासन का प्रयास है कि धार्मिक स्थलों का विकास हो, पर्यटन को बढ़ावा मिले और स्थानीय कलाकारों को मंच मिले, ताकि क्षेत्र की पहचान प्रदेश और देश स्तर पर स्थापित हो सके। विधायक हटा उमादेवी खटीक ने कहा आज जबेरा विधानसभा में नोहलेश्वर महोत्सव का यह कार्यक्रम बहुत ही हर्ष का और गरिमामयी है, सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे क्षेत्र की ग्रामीण प्रतिभायें हैं, उनको उभरने का मौका मिला है और मंच मिला । हमारे जिले को यह कार्यक्रम गौरांवित कर रहा है। इस अवसर पर नोहटा महोत्सव के दूसरे दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा बहुत की शानदार रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसे दर्शकों द्वारा बहुत ही सराहा गया। मेले में शासकीय योजनाओं से संबंधी स्टाल भी लगाये गये है। नोहलेश्वर मंदिर परिसर, नोहटा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। वहीं बुंदेली लोकगायन की प्रसिद्ध कलाकार रजनी यादव एवं लक्ष्मी ठाकुर ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से समूचे परिसर को बुंदेली रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य कलाकारों का महोत्सव मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन, उमेश यादव, राजेश सिंह ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

महोत्सव के दौरान प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मेले में भ्रमण कर विभिन्न झूलों, दुकानों एवं प्रदर्शनों को देखा और मेले के वातावरण का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों, दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद कर आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन राजीव अयाची, जुगल शर्मा, ब्रजेन्द्र राठौर ने किया।

**प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सिद्धेश्वर भगवान की तपोस्थली जोगनकुंड धाम में आयोजन संपन्न**

# महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा के समीप प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सिद्धेश्वर भगवान की तपोस्थली जोगनकुंड धाम में आयोजित साप्ताहिक विराट महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ का समापन अवसर अत्यंत दिव्य, भव्य और भावविभोर कर देने वाला रहा। समापन के पावन अवसर पर सुबह से ही वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विधिवत हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिससे संपूर्ण क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत हो गया। इस पावन आयोजन में हरि कथा के साथ संतों के दुर्लभ दर्शन का सौभाग्य श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। लोढ़ा पहाड़ वाले संत जी के परम शिष्य सहित दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती, रंजीता नंद (आनंद धाम, जबेरा) तथा भास्करानंद जी (प्रज्ञा धाम) के संतों की दिव्य उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। संतों के सान्निध्य में क्षेत्रवासियों ने स्वयं को धन्य अनुभव किया। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस पर कथा वाचक पं. पवन उपाध्याय ने सुदामा चरित्र का अत्यंत मार्मिक और भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। समापन दिवस पर सिद्ध क्षेत्र जोगनकुंड धाम में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह हवन-पूजन से लेकर संध्या तक पूरा धाम "हरि नाम" और भक्ति के जयघोष से गूंजता रहा। शाम 5 बजे सुप्रसिद्ध गायिका संजो बघेल द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण भजनों ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे और भक्ति में लीन हो गए। इस अवसर पर यज्ञ संचालक मनोज मिश्रा ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा—"आज कथा पंडाल में उपस्थित यह अपार जनसमूह सिद्ध महाराज के आशीर्वाद का प्रतीक है। प्रभु की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे और क्षेत्रवासियों के सहयोग से ऐसे दिव्य-भव्य धार्मिक आयोजन निरंतर होते रहें, यही मेरी प्रभु से प्रार्थना है।" कुल मिलाकर, दिव्य आयोजन, संतों के दुर्लभ दर्शन, हरि कथा, संगीत भक्ति और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के साथ यह महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ जोगनकुंड धाम के इतिहास में एक अविस्मरणीय, अलौकिक और ऐतिहासिक अध्याय बन गया।